


# संत मोरारी बापू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का किया अनावरण

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 31 जुलाई, दीनदयाल शोध संस्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी के अवसर पर तुलसीदास परिसर कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा का अनावरण मानस मर्मज्ञ पूज्य संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, चित्रकूट के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल कोरी, महामंडलेश्वर संतोषाचार्य महाराज सतुआ बाबा, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले, राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपने निर्धारित समय अनुसार ठीक 12:05 पर मुख्यमंत्री का उड़न खटोला कृषि विज्ञान केन्द्र के हेलीपैड पर उतर गया। पूरे 1 घंटा 30 मिनट मुख्यमंत्री केवीके परिसर के कार्यक्रमों में उपस्थित रहे। गनीवा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परमानंद आश्रम विद्यालय के बच्चों को चॉकलेट बांटी, मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनका हालचाल भी जाना और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। प्रतिमा अनावरण के उपरांत तुलसी परिसर में ही स्थित परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां में मुख्यमंत्री ने जन सभा को संबोधित किया। शुरुआत में दीनदयाल शोध



संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले द्वारा मुख्यमंत्री सहित मंचासीन सभी अतिथियों को तुलसीदास जी का विग्रह भेंटकर अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धेय नाना जी की कर्म स्थली और तुलसीदास जी की जन्मस्थली एवं आदि कवि महर्षि वाल्मीकि लालापुर की पावन धरा को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए आप सबका हृदय से अभिनंदन करता हूं। प्रभु राम ने चित्रकूट वनवास के दौरान ऋषि मुनियों के सानिध्य और उस समय भारत की सामाजिक व्यवस्था के आधार स्तंभ कोल, भील, निषाद जनजातियों के बारे में उल्लेख करते हुए हमारे शास्त्रों ने बहुत ही मनोरथ तरीके से उनका आदर्श प्रस्तुत करने का कार्य किया है। आज पूज्यपाद तुलसीदास जी की जयंती पर नाना जी की कर्म भूमि कृषि विज्ञान केंद्र पर आकर यहां के प्रमुख समाज मूलक प्रकल्पों का अवलोकन करने के साथ गोस्वामी तुलसीदास जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। मैं इसके लिए दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव मुंडले जी और अभय महाजन जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। बहिनों भाइयों जब चित्रकूट की चर्चा होती है तो मुझे ध्यान में आता है कि प्रधानमंत्री जी ने मुझसे कहा था सबसे पहले बुंदेलखंड के विकास के लिए कार्य करना है, सबसे पहले हमें जनजाति समाज को सर्व सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करना है। यह सब करके हमने उनके ऊपर कोई उपकार नहीं किया वह तो प्रभु राम के वनवास काल के दौरान इन जनजाति समाज और उनके पूर्वजों ने जो किया था उसका परिणाम स्वरुप प्रयास है। आज बुंदेलखंड में दलहन, तिलहन, मकई का दायरा बढ़ा है। 2014 के पूर्व मिट्टी के स्वास्थ्य की किसी को जानकारी नहीं थी, पहली बार मोदी जी ने व्यापक पैमाने पर देश भर में सॉइल हेल्थ कार्ड जारी किया, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की। इससे सिंचाई का दायरा बढ़ा है, बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में अभी लोग तीन-तीन फसलें लेना शुरू किए हैं। पहले इस क्षेत्र को जोड़ने का कोई मार्ग नहीं था आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन गया है। रोपवे चित्रकूट में बन गए हैं, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को और बेहतर बनाने का कार्य हो रहा है, मंदाकिनी जी की स्वच्छता को लेकर भी एक बड़े पैमाने पर कार्य शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि याद करिए 1990 में जब इस क्षेत्र में नानाजी देशमुख आए थे, नाना जी सबके प्रति व्यवहारिक दृष्टिकोण रखते थे। श्रद्धेय नाना जी ने अपने प्रचारक कार्यकाल की शुरुआत गोरखपुर से ही की थी, नाना जी ने गोरखपुर में शिशु मंदिर के रूप में जो बीज रोपा था आज वह विशाल वट वृक्ष बनकर उसकी शाखाएँ देश भर में स्थापित हो चुकी है। जिन लोगों ने वनवास काल के दौरान राम जी का सहयोग किया था अगर हम उन लोगों के प्रति राग द्वेष रखेंगे तो विकास का मार्ग प्रशस्त नहीं कर पाएंगे। परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय इस बात की ही प्रेरणा देता है। अभी तक यह विद्यालय पांचवी तक संचालित था अब इसे और अच्छी तरह से पूरी व्यवस्थाओं के साथ दसवीं तक संचालित करेंगे।



## नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन मझगवां विकासखंड में

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई, दिनांक 29 जुलाई 2025 को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी के दिशा निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक विजयेन्द्र जडिया के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बेटमा में स्वर्गीय राम सिपाही सेवा संस्थान के तत्वावधान में नावांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम संस्थान के अध्यक्ष विजय राज द्विवेदी द्वारा आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य राम लोटन सतनामी ,अध्यक्ष सरपंच अतुल सिंह ग्राम पंचायत बेटमा, विशिष्ट अतिथि शुभम सिंह सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत हरदी, वरिष्ठ समाजसेवी विजय राज द्विवेदी और विकासखंड समन्वयक विजयेंद्र जडिया थे यात्रा का शुभारंभ नवांकुर सखियों ने किया। जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाकर जन समुदाय को जागरूक किया। इस दौरान 100 नव अंकुर सखियां प्रस्फुटन समिति सदस्य स्वयं सहायता समूह की मात्रशक्ति लाडली बहने आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता भागवत मिश्रा एवं छात्र सोनू बुनकर बिंदुसार द्विवेदी विवेक त्रिपाठी राजदीप नवांकुर संस्था के समस्त सदस्य एवं ग्राम समुदाय के सम्मानित नागरिक गानों की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलश यात्रा कलश पूजन अतिथियों का स्वागत अतिथियों का उद्बोधन एवं महिलाओं को वृक्ष प्रदान किए गए

कार्यक्रम की शुरुआत में नावांकुर सखियों के द्वारा कलशयात्रा निकाली गई कलश यात्रा की शुरुआत ग्राम पंचायत भवन से तालाब और शिव मंदिर और फिर वापस ग्राम पंचायत भवन तक की गई कलश यात्रा में मंचासीन अतिथि,महिलाएं पुरुष एवं गांव के लोगो द्वारा बैंड बाजे के साथ उत्साह पूर्वक सहभागिता किया गया इसके बाद अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण पुष्प गुच्छ,और बैच के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को 5-5 पेड़ दिए गए एवं सामूहिक वृक्षा रोपण के साथ शपथ लिया गया एवं नवांकुर सखियों ने अपने लाडले भैया माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया इसके बाद विजयराज द्विवेदी जी एवं परामर्शदाता भागवत मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार प्रस्तुत किया गया।

## आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने मझगवां नगर को दी डीप फ्रीजर की सौगात

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई, जनहित में सेवा कार्यों को निरंतर गति देते हुए आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने मझगवां नगरवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की है। नगर में जनभागीदारी से डीप फ्रीजर की व्यवस्था करवाई गई है, जिसका लोकार्पण संस्था द्वारा बड़े ही सादगीपूर्ण एवं सामाजिक भावना के साथ किया गया।**

गौरतलब है कि मझगवां नगर में अब तक डीप फ्रीजर की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण किसी भी आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में शव को सुरक्षित रखने के लिए नगरवासियों को सतना अथवा अन्य स्थानों से डीप फ्रीजर मंगवाना पड़ता था। इस समस्या



को देखते हुए आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने नगर की इस महती आवश्यकता को समझते हुए इस दिशा में ठोस पहल की और नगर को यह महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई डीप फ्रीजर के लोकार्पण समारोह में संस्था प्रमुख आशुतोष द्विवेदी के साथ-साथ नगर के वरिष्ठ व्यवसायी अनिल अग्रवाल,मनोज गर्ग,डॉ.समीम सिद्दीकी,वरिष्ठ पत्रकार आर.के.सोनी, अवधनरेश शर्मा,शिक्षक राघवेंद्र पाण्डेय, प्रमोद कुशवाहा,नूतन शर्मा,नवीन अग्रवाल,वीरेंद्र अग्रवाल (बीरू भैया बड़ी दुकान)योगेश पांडेय,विनय गौतम,विनय गुप्ता (नीलू भैया)आशुतोष द्विवेदी (हीरू पिंडरा) अतुल अग्रवाल (कान्हा)राहुल सोनी, लकी साहू, ओम अग्रवाल,योगेश गर्ग रोजगार सहायक मझगवां,शिव कुमार जैसवाल, आकाश कुशवाहा (आरक्षक थाना मझगवां) सत्यम सिंह रीडर ,एसडीएम मझगवां सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे नगरवासियों ने संस्थान के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसे नगर की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया और इसके लिए संस्था प्रमुख आशुतोष द्विवेदी एवं उनकी पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया अब मझगवां नगरवासियों को आकस्मिक परिस्थिति में शव सुरक्षित रखने के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा सुलभ होगी यह कदम निश्चित ही सामाजिक एकजुटता,सहयोग और मानव सेवा का अनुपम उदाहरण है।



## सेवानिवृत्त होने पर प्राचार्य बृजेन्द्र त्रिपाठी को सम्मान के साथ दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**रामनगर 31 जुलाई, जनपद शिक्षा केन्द्र रामनगर अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़वार में पदस्थ प्राचार्य बृजेन्द्र त्रिपाठी अपना गरिमामयी शासकीय सेवाकाल पूर्ण कर सेवा निवृत हो गए।**

इस अवसर पर उनका सम्मान पूर्वक शिक्षकों अभिभावकों व छात्र छात्राओं ने भीगी पलको से विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने शाल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, हार से सम्मानित करते हुए उनके सफल, स्वस्थ्य, सुखी व मंगलमयी जीवन की कामनाएं की है।

## लायंस क्लब मैहर का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई, लायंस क्लब मैहर का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय सरना पैलेस में सम्पन्न हुआ।**

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी लायंस इंटरनेशनल (डि. 3233 सी) मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक ने लायंस क्लब मैहर की सत्र 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन अशोक जायसवाल थे। नए सत्र के पदाधिकारियों में अध्यक्ष लायन तरनजीत सिंह सरना, सचिव लायन नीरज गर्ग, कोषाध्यक्ष लायन राकेश वर्मा के अतिरिक्त निवर्तमान अध्यक्ष लायन कुमुदिनी वर्मा, लायन एस एस सरना, लायन सतीश मिश्र, लायन बी एल अग्रवाल, लायन धर्मेश



घई, लायन देवेंद्र अग्रवाल, लायन अरुण भारतीय, लायन दीपा घई, लायन हरभजन कौर सरना, लायन सुनीता अग्रवाल, लायन अर्चना जैन, लायन रश्मि गर्ग, लायन दीपक जैन, लायन अम्बालाल पटेल ने अपने पदों की शपथ ली। नागेंद्र सिंह बघेल को नए सदस्य के रूप में लायंस क्लब की सदस्यता ग्रहण करने पर शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स के पूर्व अध्यक्ष लायन जसविंदर सिंह भाटिया के साथ फेंटू क्लब मैहर के सदस्य कमलेश ताम्रकार, इंद्रजीत सिंह मैनी और सचिव रोहित गौतम भी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन सतीश मिश्र और आभार प्रदर्शन लायन अम्बालाल पटेल ने किया। राष्ट्रगान के पश्चात अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## सांदीपनि स्कूल बगहा के राम प्रसाद पटेल हुए सेवानिवृत्त

▶ दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई, शासकीय सांदीपनि उ मा वि बगहा के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की आज संस्था में कार्यरत रहे भृत्त श्री राम प्रसाद पटेल की अधिवार्षिकी आयु दिनाँक 31 जुलाई 2025 को पूर्ण होने पर प्राचार्य अश्विनी कुमार पाठक व उपप्राचार्य आर पी मिश्र एवं समस्त स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी गई।**

इसमें संस्था के प्राचार्य से लेकर समस्त स्टाफ ने उनके कार्य की सराहना की और साल व श्रीफल देकर भावभीनी विदाई दी गई। अभिनन्दन पत्र का वाचन माध्यमिक प्रभारी प्रधानाध्यापक




सुजीत कुमार गर्ग जी ने किया और उनके जीवन मे प्रकाश प्राथमिक प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरेंद्र शर्मा जी, भास्कर पांडेय,अरुणेन्द्र सिंह, ओपी तिवारी, राजेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, कुंदन सिंह, प्रियस सिंह, डॉ प्रतिमा रानी सिंह, श्रीमती मंजूलता पांडेय, वंदना यादव, अशोक त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्रा, विनय कनौजिया, अखिलेश शुक्ल, विवेक चन्द्र पांडेय, राहुल कुशवाहा, संतोष पांडेय, बीरेन्द्र गौतम ने डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामायण विश्वकर्मा जी ने किया और आभार रामायण प्रसाद जी ने किया। राम प्रसाद ने 37 वर्ष की शासकीय सेवा दी इनके ऊपर सेवाकाल में कोई विवाद नही हुआ। इनका कार्यकाल निर्विवाद रहा। इन्होंने अपने कार्यकाल में सभी कर्मचारियों का सेवा भाव से कार्य किया। उक्त कार्यक्रम में पूरा विद्यालय स्टाफ रहा।

## कायस्थ समाज आयोजित करेगा कलमकार प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई, खेरमाई रोड स्थित सुधीर निगम के निवास पर आनन्द कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मुंशी प्रेम चंद्र की 145 वीं जयंती मनाई गई। संचालन दीपक निगम ने किया।**

प्रदीप श्रीवास्तव के अनुसार हिन्दी साहित्य में मुंशी प्रेम चंद्र का स्थान विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी निबंध प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए आयोजन समिति गठित कर संबंधित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है, जिसमें आयोजन समिति के संयोजक के रूप में सतीश



निगम को शामिल किया गया है। सह-संयोजक के रूप में राज श्रीवास्तव सुधीर निगम,पवन खरे स्नेहिल श्रीवास्तव, सुयश निगम , किशन श्रीवास्तव ,अंकित खरे, दीपांकर खरे को दायित्व सौंपा गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिभागी निबंध लिख कर संचालन समिति के पदाधिकारियों के वाट्सअप पर 3 अगस्त तक भेज सकते है बैठक में उपस्थित सभी चित्रांश बंधुओं का आभार विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## परम्परागत खेलों को बढ़ाने की है जरुरत, बजरंग अखाड़ा नागौद में हुआ कुस्ती का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई, बीते दिनो बजरंग अखाढ़ा नागौद द्वारा कुस्ती का आयोजन किया गया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि परम्परागत खेलो को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस्ताद ने मंच से विस्तृत ढंग से जानकारी देते कहा कि 1905 में इस अखाड़े की शुरुआत हुई थी, अखाड़े का संचालन उस्ताद रामेश्वर सिंह ने किया था, तबसे अखाडे का संचालन लगातार हो रहा है।**

अखाड़ा की कमान उस्ताद बजरंग सिंह ने संभाली उसके पश्चात 2000 से उस्ताद जलपेंद्र



सिंह अखाड़े की व्यवस्था देख रहे हैं, अखाड़े का संचालन प्रतिदिन सुबह और शाम को निरन्तर होता है। अखाड़े का अधिकांश उपयोगी स्थल और वहां के मंदिरों का निर्माण दीपक सिंह के द्वारा कराया गया वही बाउंड्री वॉल ,गेट ,सेट जनप्रतिनिधियो और नगर परिषद के सहयोग से अखाड़ा परिसर में ओपन जिम की सौगात सांसद गणेश सिंह के द्वारा दी गई। इसके साथ ही अखाड़े की अन्य सुविधाओ को बढ़ाने में पूर्व मंत्री विधायक नागेंद्र सिंह पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार अग्रवाल ,उदय प्रताप सिंह पार्षद कामाख्या कुमारी , चंद्रिका कुमारी का भी अखाड़े के विस्तार में सहयोग रहा। दंगल में एस.डी.एम .डॉ .जे.के. वर्मा की खास मौजूदगी रही। कुस्ती जीतने वाले पहलवानो को आयोजन समिति ने पुरुस्कृत किया।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि एस डी एम डॉ. जे. के. वर्मा रहे विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेंद्र सिंह( पप्पू भैया) चंदन अग्रवाल अरुण कुमार सिंह , धर्मेंद्र सिंह अजय सिंह, रमाकांत सोनी, रवि प्रकाश पुरवार, पूर्व पार्षद सुशील गुर्जर ,शानू सिंह, जयप्रकाश गौतम रहे , उत्तम पहलवान भी उपस्थित रहे अखाड़ा समिति की ओर से उस्ताद जलपेंद्र सिंह का स्वागत किया गया, बीरन भदौरिया, अजीत जैन, मुन्नू यादव ,संदीप द्विवेदी, मनोज, रमाकांत पांडे, अनिकेत अग्रवाल , मोनू बागरी, दिलीप साहू आदि ने प्रारंभिक दौर में छोटे पहलवानों की 15 बाउट उनके बाद बड़े पहलवानों का दौर शुरू हुआ नागौद ,दूरेहा, सतना एवं पहाड़ी खेरा के पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया कई अखाड़ो के उस्ताद भरत पहलवान, सतीश कुमार रजक ,शोभनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

## रामनगर खोखला एवं पडो में लगा स्वास्थ्य शिविर,74 को मिला उपचार

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 31 जुलाई, बारिश के इन दिनों तापमान में उतार चढ़ाव के कारण जल जनित मौसमी बीमारियां तेजी फैल रहीं हैं। खासकर बच्चे एवं वयस्क लोगों में सर्दी, जुखाम, बुखार, हांथ पैरों , कमर में दर्द, पेट दर्द सहित फुड़िया फुंशी ( खुजली ) जैसी त्वचा रोग सहित अन्य संक्रमण के मामले गांवों में बढ़ रहे हैं।**

जिनकी जानकारी चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) नई दिल्ली के फैलो एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद मझगवां के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां के बीएमओ डॉ0 रूपेश सोनी को 19 जुलाई को लिखित आवेदन देकर कराई गई। जिन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए उपर्युक्त बीमारियों के निजात हेतु आज ग्राम पंचायत मलगौसा के



रामनगर खोखला एवं पड़ो गावों में स्वास्थ्य कैम्प लगवाकर बच्चों सहित वयस्क लोगों का स्वास्थ्य उपचार करवाया, ताकि बीमारियों को स्थानीय स्तर पर बढ़ने से रोका जा सके। इन दोनों स्वास्थ्य शिविरों के दौरान रामनगर खोखला में 18 वर्ष से कम उम्र के 37 बच्चों एवं 19 वर्ष से ऊपर 27 लोगों सहित 57 लोगों को स्वास्थ्य जांच कर अलग-अलग तरह की बीमारियों की दवा दी गई तो वहीं पड़ो गांव में 11 बच्चों एवं 6 वयस्क लोगों सहित 17 लोगों का उपचार किया गया। इन दोनों गांवों में बच्चों सहित 74 लोगों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक के रूप में डॉ.धनेश द्विवेदी, फार्मासिस्ट अखिलेश सिंह पटेल सहित ए. एन. एम.शकुंतला सिंह, एम.पी.डब्ल्यू. भइयामन सिंह ने स्वास्थ्य शिविर में आए हुए लोगों के उपचार में अहम भूमिका निभाई। डॉ. धनेश द्विवेदी ने लोगों से कहा कि बारिश के इन दिनों में बच्चों सहित सभी वयस्क लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छ पानी पीना, बासी भोजन से परहेज करना और बच्चों को बंधी, पोखरों में पानी में तैरने से रोकना एवं कीचड़ में खेलने से मना करना है।

पानी से कपड़े भीग जाने के बाद तुरंत ही उनको बदलना चाहिए क्यों कि गीले कपड़े पहने रहने से त्वचा (फंगस) सम्बन्धी संक्रमण होने का खतरा रहता है। स्वच्छ पानी पिएं जिससे डायरिया जैसी बीमारी से बचा जा सके। स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी रीना शर्मा, आशा कार्यकर्ता जानकी यादव, बेसनिया मवासी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कोमल यादव, विमला मवासी सहित रूपेश यादव, धर्मराज यादव, विस्तार परियोजना ( ABSSS चित्रकूट) के शिवकुमार पटेल, शिक्षक रामकेश यादव, राजेश यादव, चन्द्रशेखर मवासी सहित क्राई फैलो आनंद मझगवां का सहयोग रहा।

## रमेश चंद्र तिवारी कलबलिया सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष मनोनीत

**कोटर 31 जुलाई,** जिले के बिरसिंहपुर सेवा सहकारी समिति से कलबलिया सेवा सहकारी समिति बनने के बाद सभा की



बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से कलबलिया निवासी रमेश चंद्र तिवारी को सेवा सहकारी समिति कलबलिया के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। कार्यकारिणी का भी प्रस्ताव पारित हुआ। जिसकी अग्रिम कार्यवाही के लिए शासन को संप्रेषित किया गया। सूत्रों के मुताबिक् रमेश चंद्र तिवारी पूर्व में भी बिरसिंहपुर सेवा सहकारी समिति के 10 वर्ष अध्यक्ष के पद पर सेवा दे चुके हैं। इस बीच सीईओ मझगवां, समिति प्रबंधक, समिति के समस्त सदस्य गणों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।



## चितहरा हाई स्कूल के शिक्षक मुन्नालाल द्विवेदी हुए सेवानिवृत्त

▶ सरपंच, सचिव सहित शिक्षकों ने दी विदाई

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 31 जुलाी, विकासखंड मझगवां के संकुल केंद्र नकैला अंतर्गत ग्राम चितहरा के शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षक मुन्नालाल द्विवेदी आज सेवानिवृत्त हो गए।**

इस अवसर पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन चितहरा सरपंच प्रज्ञा भइया द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत चितहरा तथा ग्राम वासियों की तरफ से मुन्नालाल द्विवेदी को लगातार 17 वर्षों तक ग्राम चितहरा में शिक्षण कार्य करने पर उन्हें सेवा निवृत्ति सम्मान पत्र साल तथा श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि भइया जी, पूर्व प्राचार्य आलोक प्रताप सिंह, प्राचार्य गुलाब सिंह, दीक्षित, पंचायत सचिव राजेश शुक्ला, सहायक सचिव सुखेन्द्र कुशवाहा, समस्त विद्यालय स्टाफ सहित ग्रामीण जन तथा स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।